उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

Ref. No.: 2968 दिनांक/Date.: 24/2/19

।। प्रेस विज्ञप्ति ।।

आबकारी एवं प्रवर्तन सिपाही के पदों पर शारीरिक दक्षता परीक्षा

आयोग द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2019 को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह सूचना दी गई थी कि आबकारी सिपाही पदकोड–86 तथा प्रवर्तन सिपाही पदकोड–84 के कुल 127 पदों (आबकारी सिपाही 52 पद एवं प्रवर्तन सिपाही 75 पद) के लिए शारीरिक दक्षता एवं शारीरिक नाप–जोख परीक्षण दिनांक 27 फरवरी, 2019 से होंगे। विभिन्न तैयारियों में समय लगने के कारण तथा कुछ अन्य कठिनाइयों के कारण अब आठ जिलों में यह परीक्षण दिनांक 27–02–2019 से प्रारंभ होंगे। जिन 08 जिलों में 27 फरवरी, 2019 से परीक्षण की तिथियां अन्तिम हुई हैं, उनका विवरण, परीक्षा केन्द्र का विवरण तथा अभ्यर्थियों की संख्या निम्नानुसार है –

क्रम संख्या	जिला	परीक्षण स्थल	अभ्यर्थियों की संख्या	
			आबकारी	प्रवर्तन
1.	चमोली	स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर, चमोली	1688	979
2.	रुद्रप्रयाग	स्पोर्ट्स् स्टेडियम, अगस्त्यमुनि, रुद्रप्रयाग	1008	686
3.	पौड़ी	शशिधर भट्ट राजकीय स्पोर्ट्स् स्टेडियम, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल	1675	1450
4.	टिहरी	श्री पूर्णानन्द स्पोर्ट्स् स्टेडियम, मुनि की रेती, (ऋषिकेश), टिहरी गढ़वाल	1056	722
5.	पिथौरागढ़	श्री सुरेन्द्र सिंह बल्दिया स्पोर्ट्स् स्टेडियम, पिथौरागढ़	2597	1534
6.	बागेश्वर	पुलिस लाइन मैदान, बागेश्वर	987	657
7.	अल्मोड़ा	एच0एन0बी0 स्पोर्ट्स् स्टेडियम, अल्मोड़ा	2476	1774
8.	नैनीताल	स्पोर्ट्स् स्टेडियम हल्द्वानी, निकट बस अड्डा हल्द्वानी, नैनीताल	5482	4859

उपरोक्त 08 जिलो के अभ्यर्थी आज दिनांक 24 फरवरी, 2019 सांय काल से अपना प्रवेश पत्र आयोग की वैबसाईट www.sssc.uk.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों के विस्तृत निर्देश प्रवेश पत्र में भी दिये गये हैं। कृपया उन्हें सावधानीपूर्वक पढ़ें।

Scanned by CamScanner

अभ्यर्थी अपनी–अपनी परीक्षण की तिथि को प्रातः 8.00 बजे तक अनिवार्य रूप से परीक्षण केन्द्र पर पहुंच जायें तथा अपना पंजीकरण सुनिश्चित करें। प्रातः 10.00 बजे के बाद पंजीकरण की प्रक्रिया बन्द कर दी जायेगी। शारीरिक नाप–जोख या दौड़, कूद आदि किसी भी एक परीक्षण में असफल होने पर अभ्यर्थी को अनर्ह घोषित कर दिया जायेगा। सभी परीक्षण क्वालिफाइंग प्रक्रति के हैं तथा इनके लिए कोई अंक नहीं दिया जायेगा।

अन्य पांच जिलों में खेल मैदान, आवश्यक उपकरण तथा अन्य सुविधायें व जिला व पुलिस प्रशासन की सहमति के अनुरूप शीघ्र तिथियां घोषित की जायेगी। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे समय–समय पर आयोग की बैवसाईट पर इस सम्बन्ध में सूचना हेतु सम्पर्क करते रहें।

(संतोष बडोनी)
सचिव

Scanned by CamScanner